Title: Need to declare Kusheshwar Sthan a famous historical place in district Darbhanga, Bihar as an international tourist place −Laid.

श्री महेश्वर हज़ारी (समस्तीपुर): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र समस्तीपुर के अंतर्गत दरभंगा जिले में कुशेश्वर स्थान प्रसिद्ध पौराणिक, ऐतिहासिक शिव मंदिर है। इस मंदिर में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु पूजा करते हैं। शिवरात्रि एवं श्रावण महीने में नेपाल से भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। बाढ़ग्रस्त इलाका होने के कारण कुशेश्वर स्थान में साइबेरियन विदेशी चिड़िया जल-विहार करने आती है, लेकिन पिछड़ा इलाका होने के कारण सड़क यातायात एवं बिजली की सुविधा में काफी कठिनाई हो रही है।

अतएव सरकार से मांग है कि कुशेश्वर स्थान को अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल घोषित किया जाये।